2021 | 137

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट

श्री रतनलाल रावल पुत्र श्री परमाशंकर
जाति रावल
निवासी रोहिडा तहसील पिण्डवाडा
जिला सिरोही।

बनाम

अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 49 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
03.08.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 04.06.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत रोहिडा के विरूद्ध दिनांक 20.07.2020, 20.10.2020 एवं 22.12.2020 को प्रार्थना पत्र पेश किए जिस पर की गई कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को दिनॉक 04.06.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि ग्राम पंचायत रोहिडा के विरूद्ध दिनांक 20.07.2020, 20.10.2020 एवं 22.12.2020 को प्रार्थना पत्र पेश किए जिस पर की गई कार्यवाही से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। चूंकि उक्त सूचना जिला परिषद सिरोही से सम्बन्धित होने के कारण अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 302–303 दिनांक 04.06.2021 द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही को मूल आवेदन स्थानान्तरित किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही के अपील अधिकारी जिला कलक्टर सिरोही नहीं है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2021.10.15 12:14:38 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर सिरोही	

Scanned with CamScanner